हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जुलाई 2024

06 चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के तहत रावतपुरा सरकार...



07 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर...





## खबर संक्षेप में

### खेती में आए बदलाव के बारे में अपडेट रहना जरूरी

**सीहोर।** सीहोर विकासखंड के सांकल, छतरपुरा ग्राम स्थित राम बीज उत्पादक समिति का कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के गोदाम तथा बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीज तैयार करने के सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। बीज प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण और विक्रय की व्यवस्था देखी गई। इस समिति द्वारा लगभग 900 क्विंटल बीज उत्पादन किया जाता है। क्षेत्र के 1000 से अधिक किसानों द्वारा इस बीज उत्पादक समिति से बीज लिया जाता है। किसानों को सलाह दी गई कि वे उन्नत बीज का उपयोग तथा नवीनतम कृषि पद्धतियों का उपयोग करें। किसानों को खेती में आ रहे बदलाव के बारे में अपडेट रहना चाहिए और खेती के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खाद, बीज और कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए।

### 15 तक करें पाठ्यक्रम के लिए आवेदन

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अंग्रेजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराए जा सकते हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण: निःशुल्क जांच कर 350 मरीजों को दी दवाइयां

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गगन जन सेवा समिति और अटल अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा कन्नौजिया और डॉ. गगन नामदेव के मार्गदर्शन में लगाए गए इस शिविर के दौरान जरनल फिजिशियन डॉ. श्रीमल मेवाड़ा, स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. प्रीति ओशवाल, प्रगति परमार आदि ने जांच की। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच, खून में हीमोग्लोबिन की जांच, ब्लड प्रेशर एवं शुगर के करीब 350 मरीजों की निशुल्क जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई।

### छात्रों और अभिभावकों के सहयोग से चलाया जाएगा क्लब

# नलखेड़ा विखं के 145 स्कूलों में नशीले पदार्थो की रोकथाम के लिए प्रहरी क्लब का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**प्रदेश के स्कूलों में अध्यनरत कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों में मादक पदार्थों का सेवन और तस्करी की रोकथाम के साथ तंबाकू नियंत्रण के लिए स्कूलों में प्रहरी क्लब के गठन के निर्देश के बाद नलखेड़ा विकासखंड के 145 स्कूलों में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है। यहां क्लब बच्चों व अभिभावकों के सहयोग से चलाया जाएगा।**




लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के द्वारा कक्षा 6 से 12वीं तक संचालित सभी विद्यालयों के बच्चों में नशे की दुष्प्रवृत्ति की रोकथाम व नियंत्रण के लिए सभी स्कूलों में प्रहरी क्लब गठित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किए गए थे। जारी किए गए निर्देश में बताया गया कि प्रहरी क्लब एक ऐसा अभियान है जो बच्चों को नशे से दूर रखने और नशे के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से स्कूलों में स्थापित किया गया है। प्रहरी क्लब में एक शिक्षक प्रभारी रहेगा जो किसी प्रकार के नशे से दूर हो, प्रत्येक कक्षा के चयनित छात्रों को शामिल किया जावे, छात्रों के क्लब में जागरूक अभिभावकों को भी शामिल किया जावे में क्लब में न्यूनतम सदस्य संख्या 20 तक रखी जावे प्रहरी क्लब बच्चों व अभिभावकों के सहयोग से चलाया जावेगा। जो यहां ध्यान रखेंगे की विद्यालय के 100 मीटर तक के दायरे में मादक पदार्थ न पहुंचे। प्रहरी क्लब के सदस्य निगरानी रखेंगे कि विद्यालय में छात्र शराब, पान मसाला, गुटका, बीड़ी, सिगरेट आदि की लत से बच्चे रहे। इस निर्देश के परिपालन में नलखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत संचालित कक्षा 1 से 8 तक के 126 तथा कक्षा 9 से 12वीं तक संचालित 19 स्कूलों में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है। बताया जाता है कि नलखेड़ा विकासखंड में संचालित निजी स्कूलों में इस प्रकार के प्रहरी क्लब का गठन अभी नहीं किया गया है। जबकि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी संचालित स्कूलों के लिए यहां निर्देश दिया गए हैं।

#### इनका कहना है...

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद नलखेड़ा विकासखंड में भी 145 स्कूलों में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है। इसमें कक्षा 1 से 8 तक संचालित 126 तथा कक्षा 9 से 12 तक 19 स्कूलों में क्लब का गठन किया गया है। यह क्लब बच्चों में नशीले पदार्थ तथा तंबाकू जैसे व्यसन की रोकथाम हेतु कार्य करेगा। निजी शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के क्लब का गठन अभी नहीं किया गया है।

**दिनेश त्रिवेदी, बीईओ, विकासखंड नलखेड़ा**

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई के पूर्व कृषक फसल का बीमा करवाएं

**नलखेड़ा।** फसल बीमा खरीफ वर्ष 2024-25 अंतर्गत फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। कृषक अंतिम तिथि तक फसल का बीमा जरूर करवाएं। उक्त अपील उप संचालक विजय चौरसिया ने कृषकों से की है। उप संचालक कृषि ने बताया कि अऋणी कृषकों को फसल बीमा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले में आगर छावनी हल्का छोड़कर सभी पटवारी हल्कों में सोयाबीन फसल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित हुई है। ऋणी किसान जो कि प्राथमिक सहकारी समितियां, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं व्यवसायिक बैंक के सदस्य है। उनका फसल बीमा स्वतः ही हो जाता है। लेकिन अऋणी कृषकों का फसल बीमा नही होने से कृषको को फसल क्षति होने पर लाभ से वंचित रह जाते है। ऐसी स्थिति में समस्त कृषक जिस भी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, व्यावसायिक बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक या अन्य बैंको में खाता हो तो उससे आप सम्पर्क कर फसलो का फसल बीमा करा सकते हैं। इस वर्ष सोयाबीन की प्रति हैक्टेयर प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत के मान से 960 प्रति हैक्टेयर अर्थात एक बीघा के लिए 192 रूपये की प्रीमियम राशि किसान भाई देकर अपना फसल बीमा करा सकता है तथा फसल क्षति होने पर उसको नियमानुसार दावा राशि प्राप्त कर सकता है। विखं नलखेड़ा के एक पटवारी हल्का ग्राम सेमलखेड़ी में अरहर फसल अधिसूचित हुई है। जो अऋणी कृषक इस पटवारी हल्का में भूमि धारक है वह भी अरहर फसल के लिए 800 रूपयें प्रति हैक्टेयर अर्थात 160 रूपये प्रति बीघा की प्रीमियम राशि अदा कर फसल बीमा करा सकते है। अऋणी कृषकों को फसल बीमा कराने हेतु किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका (खसरा-बी-1) की छायाप्रति, बुआई प्रमाण पत्र (सम्बंधित पटवारी अथवा पंचायत सचिव अथवा कृषि विस्तार अधिकारी या स्वघोषित), अऋणी का आवेदन पूर्ण भरा हुआ, आधार कार्ड छायाप्रति तथा बैंक पास बुक की छायाप्रति के साथ जहां खाता हो वह बैंक या सोसायटी या कॉमन सर्विस सेंटर या एमपी ऑनलाइन या स्वयं भी एनआईसीपी पोर्टल पर बीमा करा सकते हैं। योजनान्तर्गत फसल अवस्थाओं पर अधिसूचित फसलों हेतु अधिसूचित क्षेत्र में फसल क्षति जोखिम आवरित किये जाते है। जिनमें बाधित बुआई/रोपण/अंकुरण जोखिम, खड़ी फसल, गैर बाधित जोखिमों जैसे- सूखे, लंबी शुष्क कीट व रोग, बाढ़, जलभराव, भू-स्खलनो, प्राकृतिक अग्नि दुर्घटनाओं, नाभिकीय व आकाशीय बिजली, तूफान, ओलावृष्टि चक्रवात, फसल कटाई उपरांत होने वाले नुकसान जैसे फसलों को काटे जाने से अधिकतम दो सप्ताह के लिए ओलावृष्टि, चक्रवात और चक्रवातीय वर्षा एवं गैर मौसमी वर्षा, स्थानीय आपदाएं जैसे नुकसान जोखिम शामिल होगी।

## सलकनपुर के प्रसिद्ध विजयासन मंदिर में दिखा भालू, आए दिन आता है नजर

**सीहोर।** देशभर में प्रसिद्ध सलकनपुर देवीधाम विजयासन मंदिर परिसर में बीती रात भालू आ गया। गनीमत रही रात के समय विजयासन धाम पर श्रद्धालु नहीं थे। मंदिर के सुरक्षाकर्मी ने सूझबूझ से भालू को मंदिर से बाहर भगाया। भालू पूर्व में भी लोगों को घायल भी कर चुका है।

आए दिन सलकनपुर देवीधाम विजयासन मंदिर परिसर में जंगली जानवरों का मूवमेंट लगातार देखने को मिल रहा है। बीती बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात मंदिर परिसर में एक भालू घूमता हुआ नजर आया। परिसर की सुरक्षा के काम में लगे जमुना प्रसाद श्रीवास ने



बताया कि उन्हें रात में मंदिर परिसर से सीढ़ी मार्ग की तरफ से भालू आता हुआ दिखाई दिया था। जो मुख्य मंदिर के पास तक आ गया था। रात के समय में मैंने कुत्ते को उसके पीछे लगाया। इसके बाद भालू वहां से भागा ओर सीढ़ी मार्ग से नीचे उतर गया। मंदिर परिसर में आए भालू को भगाते हुए उन्होंने वीडियो भी बनाया, जो तेजी से वायलर हो रहा है।

**भालू का भगाते हुए वीडियो आया सामने :** मंदिर परिसर में भालू आने की जानकारी सामने ही सुरक्षा बल के जमुना प्रसाद उसे कुत्ते की मदद से भगा रहे थे। उन्होंने कुत्ते को भालू के पीछे लगा दिया। कुत्ते को भौंकते हुए अपने पीछे आता देखकर भालू भाग गया। इस दौरान जमुना प्रसाद अलग-अलग तरह की आवाजें निकालते हुए भालू को भगा रहे हैं।

#### भालू कर चुका है हमला


जमुना प्रसाद बताते हैं कि भालू आए दिन मंदिर के आसपास दिखाई देता रहता है। भालू यहां पर श्रद्धालुओं पर हमला भी कर चुका है। उसने दो बार लोगों पर हमले किए हैं। भालू के हमले में लोग घायल भी हो चुके हैं।

## वन विभाग पर भारी वन माफिया, सख्ती की तो माफिया ने फैलाया जंगल में करंट, एक वनकर्मी चपेट में आया

### हथियारों से लैस वन माफिया से कैसे निपटे लाठी लेकर वन अमला, ये बड़ा सवाल

**भैरूंदा।** एक तरफ वन माफिया लगातार वनों की अवैध कटाई करने में जुटा है तो वहीं इस माफिया को रोकने के लिए तैनात वन अमला लाचार है। वन विभाग पर इस समय वन माफिया पूरी तरह भारी है। अब वन माफियाओं ने जंगल में करंट फैला दिया, ताकि उनकी अवैध कटाई चलती रहे। जब इन माफियाओं की धरपकड़ के लिए वन अमला पहुंचा तो इसमें से एक वनकर्मी इस करंट की चपेट में आ गया। मामला सीहोर जिले के लाड़कुई वन परिक्षेत्र का है।

सीहोर जिले के लाड़कुई, रेहटी सहित अन्य परिक्षेत्रों के जंगलों से लगातार अवैध कटाई की जा रही है। इन जंगलों को वन माफियाओं ने पूरी तरह से मैदान में तब्दील कर दिया है। अब इन माफियाओं की धरपकड़ के लिए वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर वन अमला सक्रिय हुआ है, लेकिन जंगल माफियाओं के आगे वनकर्मी नतमस्तक हैं। वन माफिया हथियारों से लैस होकर चलता है, लेकिन वन विभाग के वनरक्षकों के पास उनसे निपटने के लिए हथियार नहीं हैं। वे



लाठी के दम पर कैसे वनों की रक्षा करें, यह भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है। सीहोर जिले के भैरूंदा स्थित लाड़कुई वन परिक्षेत्र में वन माफियाओं ने जंगल में करंट फैला दिया। इस करंट की चपेट में वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव आ गए। वन विभाग के अमले ने अवैध वन माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को भी वन विभाग का अमला धरपकड़ के लिए जंगल में गया था, लेकिन तभी वहां एक वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव को करंट लग गया। उसके बाद देखा तो जगह-जगह माफियाओं ने जंगल में करंट फैला रखा है। करंट की चपेट में आए वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव को वन विभाग का अमला तुरंत लाड़कुई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा और यहां पर इलाज कराया। यह घटना मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के लाड़कुई वन परिक्षेत्र के भिलाई कक्ष क्रमांक 452 की बताई जा रही है। यहां पर पिछले कई दिनों से वन विभाग को सूचनाएं मिल रही हैं कि यहां पर जमकर अवैध कटाई की जा रही है। इसके बाद से ही वन विभाग का अमला यहां पर सक्रिय है और माफियाओं की धरपकड़ की जा रही है।

#### लाठी के दम पर कैसे हो वनों की सुरक्षा ?

एक तरफ तो प्रशासन माफियाओं के खिलाफ अभियान को लेकर सक्रिय है, लेकिन विन विभाग का अमला वन माफिया के आगे नतमस्तक है। वन माफिया हथियारों से लैस होकर चलता है, लेकिन वनरक्षकों के पास सुरक्षा के नाम पर केवल एक डंडा होता है। ऐसे में वनों की सुरक्षा डंडों के भरोसे कैसे हो। यह सवाल भी इस समय बड़ा बना हुआ है।

## अधिक शुल्क राशि वसूलने पर श्री आस्था अकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल पर 2 लाख रुपए की शास्ति अधिरोपित

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के श्री आस्था अकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल सुसनेर द्वारा विद्यार्थियों से 10 प्रतिशत अधिक शुल्क राशि वसूलने पर 2 लाख रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। जारी आदेशानुसार जिले में संचालित निजी विद्यालयों में मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम, 2020 के क्रियान्वयन की जांच हेतु गठित विकासखंड स्तरीय जाँच समिति द्वारा श्री आस्था अकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल की जांच के दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में विभिन्न कक्षाओं में बिना जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदन के 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि की गई है, जो मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम, 2020 के नियम 04 के उपनियम (01) (02) (03) का उल्लंघन की श्रेणी में आने पर वसूली गई अधिक राशि संबंधित विद्यार्थियों के पालकों को 30 दिवस में वापस कर जिला समिति को सूचित करने के निर्देश दिए गए थे। आदेश का प्रथम बार उल्लंघन होने पर दो लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है। उक्त स्कूल प्रबंधक को अधिरोपित शास्ति राशि विभागीय पोर्टल के माध्यम से जमा कर पावती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना होगी।

## सीहोर जिला भाजपा की बैठक संपन्न

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की जिला कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव ने संबोधित कर प्रदेश की बैठक में जो निर्णय हुए एवं जिले से लेकर बूथ स्तर तक के आगामी दिनों में जो कार्यक्रम करना है उसकी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया कि 10 से 15 जुलाई तक मंडल स्तर की बैठकें आयोजित की जाएंगी और 13 से 20 जुलाई के बीच शक्ति केंद्र की बैठक एवं सम्मेलन होंगे। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 तक

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिए परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे।

## वर्षा की खेंच से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

इस वर्ष क्षेत्र में खंड खंड वर्षा ने किसानों को चिंता में डाल रखा है। क्षेत्र के कुछ ग्रामों में एक पखवाड़े से भी अधिक समय पूर्व बोवनी हो गई तो कई ग्रामों में कुछ दिनों पूर्व हुई है। जहां बाद में बोवनी हुई है वहाँ के किसान वर्षा की खेंच से चिंतित है क्योंकि फसलों को पानी की सख्त आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर कई ग्रामों में संतरे के पौधों को भी वर्षा की आवश्यकता है नहीं होने पर संतरे की फसल भी बिगड़ने की आशंका बन रही है।

तहसील क्षेत्र में इस वर्ष मानसून मेहरबान नही है। कई ग्रामो में एक पखवाड़े पूर्व अच्छी वर्षा हो जाने से किसानों द्वारा खरीफ फसल की बोवनी कर दी गई थी जहाँ वर्तमान में डोरे चल रहे है। वहीं अधिकांश ग्रामों में अच्छी वर्षा नही होने से किसान बोवनी नही कर पाए थे। पांच दिन पूर्व हुई वर्षा के बाद किसानों द्वारा बोवनी की गई। अब बाद वाली बोवनी की फसल को पानी की सख्त आवश्यकता है। खेतों में नमी नही होने से किसान खरपतवार नाशक का छिड़काव भी नही कर पा रहे है। वही कई खेतों में अंकुरण भी प्रभावित हो रहा है। अब किसान वर्षा को लेकर चिंतित नजर आने लगे है। यदि एक दो दिनों में वर्षा नही होती है तो सोयाबीन की फसल प्रभावित होने की आशंका बन रही है। इसी प्रकार संतरों के पौधों को भी एक अच्छी वर्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है अन्यथा पौधों पर आए फल गिरने की संभावना लग रही है। कुल मिलाकर किसानों के माथे पर वर्षा की खेंच के चलते एक बार फिर चिंता की लकीरें उभरने लगी है।

### समाजजनों ने अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला

# जैन समाज में चातुर्मास : साध्वी जितेश रत्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 4 का चातुर्मास मंगल प्रवेश हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में इस वर्ष साध्वी जितेश रत्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास होगा। इसके लिए साध्वी मंडल का भव्य मंगल प्रवेश नगर में 12 जुलाई को हुआ। जैन समाजजनों द्वारा अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला गया। सागर समुदाय वृत्ति, गुण रत्न सवंत्सर तपस्विनी प.पू. साध्वी गुण रत्ना श्री जी महाराज साहब की शिष्या प.पू.जितेश रत्ना श्रीजी म.सा ठाणा 4 का इस वर्ष का वर्षाकाल चातुर्मास नलखेड़ा नगर में होगा।

शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे जैन समाजजनों द्वारा बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा से नगर में मंगल प्रवेश का चल समारोह निकाला गया। प्रवेश जुलूस में आगे आगे बड़ी संख्या में समाज जन चल रहे थे वहीं चंदा प्रभु बहू मंडल की






सदस्याएं ड्रेस कोड में घोष बैंड बजाती हुई चल रही थी। उनके पीछे साध्वी मंडल एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर स्थानीय जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्री संघ की ओर से रेन बसेरा में नवकारसी का कार्यक्रम भी रखा था। मंगल प्रवेश जुलूस के दौरान स्थान - स्थान पर समाजजनों द्वारा साध्वी मंडल के समक्ष गहुली कर उनकी अगवानी की गई। प्रमुख मार्ग से जुलूस जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंचा। जहां पर देव दर्शन व चैत्यवंदन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात जैन आराधना भवन में साध्वीजी के द्वारा मंगल प्रवचन उपस्थित समाज जनों के समक्ष दिए गए। मंगल प्रवेश के अवसर पर आगर श्री संघ से भी समाजजन उपस्थित थे।

#### धर्म, उत्कृष्ट मंगल है : साध्वी

*जिसके मन के अंदर धर्म रहा है, उसको देवता भी नमन करते हैं। जीवन के अंदर धर्म है तो उत्कृष्ट मंगल है, क्योंकि धर्म को उत्कृष्ट मंगल कहा गया है। उक्त प्रेरक विचार साध्वी जितेश रत्ना श्री जी ने जैन आराधना भवन में मंगल प्रवेश के अवसर पर आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किये। साध्वी जी ने कहा कि जो मुझे पसंद नहीं है, वह में औरों के लिए नहीं करूं वहीं धर्म है। व्यक्ति कब खुश हो जाता है जब उसे उसकी पसंद की वस्तु मिल जाती है। साध्वीजी ने कहा चातुर्मास के चार माह धर्म आराधना करने का सुनहरा अवसर हमें मिला है, इसमें हमें खूब धर्म आराधना कर इस दुर्लभ मानव जन्म को सफल बनाना है।*

## कलेक्टर द्वारा गठित दल ने अशासकीय स्कूलों का किया निरिक्षण



**नलखेड़ा।** शासन की मंशानुरुप अशासकीय स्कूलों में छात्रों की फीस, गणवेश, किताबों की जानकारी के लिए कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा नगर के अशासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर अपना प्रतिवेदन तैयार किया गया। शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा नगर के स्कूल केशव विद्या निकेतन एवं नलखेड़ा पब्लिक स्कूल का निरिक्षण किया गया। दल में प्राचार्य हाई स्कूल चंदनगांव ओमप्रकाश तोमर, प्राचार्य हाई स्कूल तनोडिया दिनेश सोलंकी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी आगर मनोहरसिंह चौहान, बीआरसीसी आगर दीपक नारायण उपाध्याय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया।

**खबर संक्षेप**

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर न बनाएं दबाव

**देवास।** रंजना राणा प्रदेश महामंत्री आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने बताया कि सुकन्या योजना जो की आईसीडीएस की योजना नहीं है उसे आधार बनाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं पर मानसिक रूप से दबाव बनाना बंद किया जाए तथा टोंक परियोजना अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र जो कि 11. 7.24 को जारी किया गया है उसे तुरंत निरस्त किया जाए। अन्यथा देवास जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मजबूरन आंदोलन करने को विवश हो जाएगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास की रहेगी। आए दिन आईसीडीएस के अतिरिक्त अन्य कई विभागों का कार्य जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं पर डाला जाता है। जिस कार्य को करने के कारण आईसीडीएस के मूल कार्य अत्यधिक रूप से प्रभावित होते है। जिस कारण जिले की जिले में कुपोषण बढ़ता जा रहा है। क्योंकि कार्यकर्ताएं कुपोषित बच्चों तथा गभवती धात्री माताओं को समय समय पर मुख्य सेवा देने से चूक रही है। क्योंकि उन्हें अन्य विभाग के कार्य अत्यधिक दे दिए जाते हैं। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर बीमार हो रही है। महिला बाल विकास संचनालय द्वारा ऐसे सैकड़ो आदेश समय-समय पर निकल गए हैं जिसमें यह साफ-साफ उल्लेख किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की आईसीडीएस के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग के कार्यों में न लगाया जाए।

### खातेगांव और हाटपिपल्या विधायक ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

# कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से भाजपा का बढ़ा है वोट प्रतिशत : शर्मा

### मध्यप्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें विधायकों ने 7 जुलाई को भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 3 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर जानकारियां दी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि पत्रकारों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। मध्यप्रदेश सरकार का हाल ही में 3 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन मस्तिक में मध्यप्रदेश का विशिष्ट स्थान है। यह यूं ही नहीं कहा गया है कि मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हृदय मध्यप्रदेश मे बारम्बार, आगमन कर हमें गौरव प्रदान किया हैं, उन्होंने विश्वास भी दिया है और स्नेह, आर्शीवाद भी प्रदान किया है।

### प्रदेश सरकार का बजट कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है

डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार का प्रयास है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए। इस संबंध में पहला कदम 2023-24 के बजट की तुलना में बिना कोई नया कर लगाये वर्ष 2024-25 के बजट में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रदेश में निरंतर कुशल वित्तीय प्रबंधन एवं आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2003-04 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 13 हजार 465 रूपये थी, जो कि बढ़कर अब लगभग 11 गुना हो गई है। जनवरी-2024 में जारी रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के 2 करोड़ 30 लाख लोग गरीबी से बाहर आये हैं। पिछले 10 वर्षो में चार करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत मध्यप्रदेश में लाखों मकान बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट डॉ. मोहन यादव की सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है।

### रोजगार और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रारंभ की जा रही है। इसके साथ ही 7500 से अधिक पुलिस और 11 हजार से अधिक शिक्षकों के पदों को भी भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। इनके साथ ही अन्य विभागों के हजारों रिक्त पदों पर भी भर्ती की तैयारी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक लगभग 1 करोड़ 8 लाख परिवारों के 4 करोड़ 1 लाख सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। गरीबों को दूसरे शहरों में इलाज के लिए तुरंत पहुंचाने पीएम एयर एंबुलेंस शुरू की गयी है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पीएम पर्यटन हेलीकॉप्टर और वायुसेवा भी शुरू की गयी है।

# औद्योगिक पुलिस ने चोरों से 12 दुपहिया वाहन किए जब्त

**तीन चोर पुलिस गिरफ्त में एक फरार**



**देवास।** पुलिस को मिली बडी सफलता।

### औद्योगिक थाना पुलिस ने वाहन चोरों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीम का गठन किया, लगातार जारी रहती है आरोपियों की तलाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औद्योगिक पुलिस ने शहर में दो पहिया वाहन चोरों को पकड़ बड़ी कार्रवाई की हैं। औद्योगिक थाना पुलिस ने वाहन चोरों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीम का गठन किया हैं। जो लगातार आरोपियों की तलाश कर रही हैं, जिसके चलते पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगीं। बीते दिनों औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना मिली कि बायपास मार्ग स्थित एक स्कूल के पास कुछ संदिग्ध लोग दो पहिया वाहनों के साथ देखे गए हैं।

पुलिस सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची और वहां तीन संदिग्धों को पकड़ा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियो ने अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी की घटना को कबूला। चोरों ने देवास सहित कई अन्य शहरों से भी दो पहिया वाहन चोरी किए हैं। तीनों आरोपी आष्टा जिले से हैं। इनके कब्जे से औद्योगिक थाना क्षेत्र के दो वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी फरार है जिसको पुलिस तलाश कर रही है। औद्योगिक थाना पुलिस ने बताया कि गत 29 मई को औद्योगिक क्षेत्र आईशर कंपनी के गेट क्रमांक 3 के बाहर से एक मोटरसाइकल अज्ञात चोरी ले गया था।

पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरोपी अनिल के पास से 7 वाहन, आरोपी मोहम्मद के पास से 2 व सलमान के पास से 2 वाहन कुल 12 वाहन जिनकी अनुमानित किमत 8 लाख रुपए पुलिस ने नागदा रोड़ बंद कांच की फेक्ट्री से जब्त किए है। पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आरोपीगण कॉलोनियों में रेकी कर सुनसान क्षेत्रों में रखी मोटरसाइकलों को चोरी कर फरार हो जाते थे।

### श्री पिपलेश्वर महादेव के स्थापना दिवस पर महाआरती एवं भंडारा आज

**देवास।** श्री पिपलेश्वर महादेव भक्त मण्डल एवं सेवा समिति द्वारा श्री पिपलेश्वर महादेव का स्थापना दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाते हुए महाआरती एवं विशाल भण्डारा आयोजित किया जाएगा। समिति के संजय कुमार जैन ने बताया कि बजरंगपुरा एमजी रोड स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव की स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 13 जुलाईको अभिषेक किया जाकर आकर्षक श्रृंगार होगा। आकर्षक विद्युत सज्जा से मंदिर प्रांगण को सजाया जाएगा। सायं 6 .30 बजे संगीतमय महाआरती होगी। तत्पश्चात भण्डारा प्रसादी का आयोजन होगा। मण्डल के बब्बू काकाजी, संतोष जैन, मयंक दुबे, दीपक दुधवानी, विरेन्द्र विजयवर्गीय, राकेश विजयवर्गीय, धीरज विजयर्गीय, अनिल जैन, शोभित चौधरी, पंकज चौधरी आदि ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्थापना दिवस पर होने वाले आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के तहत रावतपुरा सरकार की भव्य अगवानी की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के तहत 17 जुलाई बुधवार को संत रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार) की भव्य अगवानी आनंद भवन पेलेसे पर होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजक विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार एवं महाराज विक्रमसिंह पवार विभिन्न बैठकों में सहभागिता कर रहे है। इसी क्रम में आयोजन को लेकर विधायक पवार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों से चर्चा की।

राजे ने कहा कि देवास में चातुर्मास विशेष होने वाला है, जिसमें धर्म-अध्यात्म की गंगा बहेगी। विख्यात प्रवचन कारों के श्रीमुख से प्रवचन होंगे। संत शिरोमणि रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार का सानिध्य, आशीर्वाद भी शहरवासियों को प्राप्त होगा। आयोजन को लेकर तैयारी अंतिम चरणों में चल रही है। आयोजन को लेकर शहरवासियों में उत्साह बना हुआ है। संपूर्ण कार्यक्रम आनंद भवन पैलेस पर होंगे। हमारे द्वारा शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में आमंत्रण पत्र अर्पित किए और आयोजन की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। 17 जुलाई से 17 सितम्बर तक चलने वाले चार्तुमास अनुष्ठान के अंतर्गत विद्वान जनों द्वारा श्री रामकथा, श्रीमद् भागवत कथा, श्री नर्मदा पुराण, श्री शिव पुराण, तथा श्री देवी कथा का वाचन किया जावेगा। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत भव्य आयोजन होगा, जिसमें संतश्री के अनुयायी देश के विभिन्न हिस्सों से आकर आनंद उत्सव मनायेंगे। 22 से 30 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक उज्जैन के सुलभ शांतु महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा होगी। 31 जुलाई से 6 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक उज्जैन के संत नारायण प्रसाद ओझा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। 7 अगस्त से 13 अगस्त तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री नर्मदा पुराण कथा का वाचन मानसपुत्री साध्वी पुष्पांजलि दीदी वृंदावन द्वारा किया जाएगा। 14 अगस्त से 22 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण कथा आचार्य देवराज शर्मा इंदौर के श्रीमुख से होगी। 23 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का वाचन सुगना बाई सा विदिशा द्वारा किया जाएगा। 30 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रीमद कथा का वाचन पं. मोहित नागर आगर द्वारा किया जाएगा। 6 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री देवी भागवत कथा का वाचन पं. अनिल शर्मा गुरुजी आसेर वाले द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि के साथ समाजजन उपस्थित थे। विधायक राजे ने उपस्थित जनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### 26 से 28 जुलाई तक होगी राज्य स्तरीय सीनियर रेटिंग चेस प्रतियोगिता



**देवास।** जिला शतरंज संघ द्वारा शहर में राज्य स्तरीय सीनियर रेटिंग चेस प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एसबीआई इस प्रतियोगिता को स्पॉन्सर कर रही है। एसबीआई द्वारा कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में जिला शतरंज संघ को प्रतियोगिता के लिए चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सक्सेना, जिला शतरंज संघ के सचिव पवन यादव, एसबीआई प्रबंधक और उनकी टीम उपस्थित थी।उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता सरदाना इंटरनेशनल स्कूल बालगढ़ में 26 से 28 जुलाई 2024 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के अनेक जिलों से प्रतिभागी भाग लेंगे। शतरंज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग का खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अंडर 7, अंडर 11 अंडर 15, अंडर 19 और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता को कंडक्ट करवाने के लिए 15 ऑर्बिटल्स बाहर से बुलवाए गए।

# बाल मंत्रिमंडल के विद्यार्थियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

स्थानीय सेंट जॉन हायर सेकंडरी विद्यालय चापड़ा में हर वर्ष की तरह बाल मंत्रीमंडल का गठन किया गया। बच्चो को पद की शपथ बागली पुलिस अनुविभागीय विकासखंड अधिकारी सृष्टि भार्गव की अध्यक्षता में स्कूल प्राचार्य सिस्टर विनीता ने दिलाई ।इस अवसर पर एसडीओपी भार्गव ने हाल ही में लागू हुई ₹भारतीय न्याय संहिता ₹ की जानकारी दी। भार्गव ने बच्चों से कहा कि जीवन में कुछ बने न बने पर अच्छे इंसान जरूर बने । स्कूल प्रबंधक फादर सोनी एंथोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसा सपना देखे जो नींद में न आए बल्कि नींद न आने दे। आभार हेड गर्ल भूमिका सेन्धव और हेड बॉय ने व्यक्त किया । जानकारी बहादुर सिंह सेंधव ने दी।

# संस्था के सदस्यों ने पूर्व अध्यक्ष की स्मृति में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सफाई कर्मचारी महासंघ एवं गुरू गोरखनाथ नगर पालिका निगम सहकारी साख संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्व. धनराज सांगते की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष अमर साधना धनराज सांगते ने बताया कि शहर से कुछ दूरी पर स्थित ग्रामीण क्षेत्र में विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण गुरू गोरखनाथ नगर पालिका निगम सहकारी साख संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। सभी सदस्यों ने पर्यावरण स्लोगन धरती हमारी माता है, वृक्ष जीवन दाता है। भविष्य को बचाना है, हर घर को पौधा लगाना है के संकल्प के साथ पौधों की रक्षा का प्रण लिया। इस अवसर पर गंगासिंह सोलंकी, जगदीश भैरवे, लालचंद डागर, अनिल खरे, राजू सांगते, सुरेश बंजारे, राकेश बंजारे, अजय घारू, रवि खरे, पीयुष राजपूत, आदर्श शिरमणि रजावत, सोनू डुमाने, सुनील फतरोड, राहुल सांगते, आतीश बंजारे, ऋषि निगम, राधेश्याम खरे, अगरदास बघेल, गोविंददास सिंघन सहित संस्था सदस्य उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग की कटौती के चलते परेशान ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

# मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना गुल हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत मंडल की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। उपभोक्ताओं से बिजली बिल तो पूरा लिया जाता है, लेकिन बिजली नहीं दी जा रही है। प्रतिदिन मेंटेनेंस के नाम पर 4 घंटा बिजली काटी जा रही है। जिसको लेकर आमजन में आक्रोश देखा जा रहा है। कमलापुर ग्रिड से जुड़े सभी गांवों की बिजली प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक काटी जा रही है। कमलापुर के ग्रामीण जीवन जाट ,राजेश जाट, गिरधर परमार ने बताया कि कमलापुर में विद्युत व्यवस्था बदहाल है, मेंटेनेंस के नाम पर प्रतिदिन बिजली काटी जा रही है। साथ ही हल्की हवा व बारिश में ही बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। लेकिन बिजली बील पुरा लिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी विद्युत ग्रिड कमलापुर पर समस्याओ का समाधान नहीं होता है। चार घंटे तक रोजाना सुबह बिजली काटी जा रही है। जिसके कारण व्यापार सहित बिजली संबंधित सभी काम प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कहीं जगह बिजली के तार अस्त-व्यस्त हो रहे हैं, तो कहीं बिजली ट्रांसफॉर्मरो के तार खुले पड़े हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को मंडल कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में विद्युत मंडल का घेराव किया एवं कमलापुर सुपरवाइजर अतुल तिवारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर जहां पूरी गर्मी भर कार्य चला,वही बारिश लगते ही थोडी सी हवा आंधी आने पर भी बिजली की कटौती की जाती है और हर छोटे-मोटे फाल्ट पर घंटो लाइट बंद रहती है जिससे कि बारिश के दिनों में उमस और मच्छरों के कारण आम नागरिको का जिना दुश्वार हो रहा है। अगर अघोषित विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो ग्रामीण तहसील स्तर पर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शंकरगढ़ पहाड़ी पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत शुक्रवार को शहर में जल संचय और पानी बचाने के अभियान में लगी टीम अमृत संचय अभियान और राज्य आनंद संस्थान के साथियों ने शंकरगढ़ पहाड़ी पर 51पौधे रोपे। कार्यक्रम में अमृत संचय के डॉ सुनील चतुर्वेदी, मोहन वर्मा,समीरा नईम,मनीषा बापना,सफिया कुरैशी,हीना राठौड़, गंगासिंह सोलंकी तथा घनश्याम मोदी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान की समीरा नईम ने कहा कि आज आधा जुलाई बीत जाने के बाद भी हम मानसून की झमाझम बारिश की प्रतीक्षा में है। समाचारों के अनुसार किसान बोहनी के लिए बरसात का इंतजार कर रहे है। पौधे रोपकर हम बेहतर पर्यावरण में तो सहायता कर ही रहे है,अच्छी बारिश के बाद वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संचय और धरती के जल स्तर की वृद्धि में भी सहायक बन सकते है। अमृत संचय अभियान के डॉ सुनील चतुर्वेदी ने कहा जिलाधीश ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में वाटर हार्वेस्टिंग और जल संचय के लिए काम कर रही टीम अब तक शहर में 200 करोड़ लिटर पानी बचाने के अपने लक्ष्य के नजदीक है। अमृत संचय टीम सदस्य के रूप में काम कर रहे एक्ट इव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा ने कहा शहर के हर घर में एक पौधा मां के नाम लगाकर उसकी देखरेख की जिम्मेदारी यदि हर शहरवासी ले ले तो यह स्वतः स्फूर्त कदम होगा। साथ ही अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से शहर के जलस्तर को बढ़ाने के साथ अपना सामाजिक योगदान दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### हमारा जन्म हुआ है तो मृत्यु भी अटलः मेवाड़ा

**आष्टा।** नगर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन किया गया। पूर्ण विधि विधान से यज्ञाचार्य द्वारा मन्त्रोचार के साथ मुख्य यजमान सीएमओ राजेश सक्सेना की उपस्थिति में अन्य यजमानों द्वारा पूर्ण आहुति यज्ञ देवता को अर्पित की गई। तत्पश्चात नवप्राण प्रतिष्ठित भगवान श्रीचित्रगुप्त की मूर्ति की उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक आरती उतारी गई। बता दें कि विगत माह हुई कायस्थ समाज की बैठक में सीएमओ राजेश सक्सेना ने संकल्प लिया था कि भगवान की बड़ी प्रतिमा विराजित करना है। उसी संकल्प को सिद्ध करते हुए यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि मनुष्य का जन्म होता है, तो मृत्यु भी अटल है। व्यक्ति के संसार में आने और जाने के बीच सबसे महत्वपूर्ण है, सदमार्ग की ओर जाना। जन्म और मृत्यु के बीच की जो यात्रा है, उसमें पुण्य कर्मों के साथ ही अन्य कर्मों और जाने, अनजाने में हुई त्रुटियों के साक्षी भगवान चित्रगुप्त जी होते हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन के पश्चात दिगंबर जैन धर्मशाला में मंदिर समिति द्वारा भंडारा भी आयोजित किया गया।

### आज से सफाई कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

**आष्टा।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 जुलाई से हड़ताल करेंगे। इस दौरान सफाई व्यवस्था बंद रहेगी। इसकी सूचना गुरुवार को सफाई कर्मचारी संगठन ने सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी है। गुरुवार को सभी सफाई कर्मचारियों ने वाल्मीकि महापंचायत प्रदेश सचिव राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आष्टा एसडीएम को हड़ताल करने के विषय में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याए भी बताई।

## मध्यप्रदेश शासन द्वारा पर्यावरण की रक्षा की दृष्टी से जिले भर में जगह-जगह चलाया जा रहा अभियान

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर से लेकर ग्राम पंचायत व शासकीय विद्यालयों में लगाए पौधे







### पर्यावरण की रक्षा और मध्य प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर/श्यामपुर/जावर

थाना प्रभारी अहमदपुर ने आम जन से अपील की एक पेड़ मां के नाम लगा कर उसकी सुरक्षा कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पर्यावरण के रक्षा के दृष्टीगत एक पेड़ माँ के नाम अभियान सम्पुर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक वृक्ष लगाये जा सके। शासन की मशानुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश की सभी पुलिस इकाई के थाना परिसर सहित पुलिस कार्यालय में वृक्ष लगाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक मंयक अवस्थी द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अहमदुपर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान को अहमदपुर पुलिस परिवार के साथ थाना परिसर में 50 पौधे लगा कर सफल बनाया गया। अहमदपुर पुलिस द्वारा इस अभियान को ले कर काफी उत्साह में थे। प्रातः से ही थाना परिसर की साफ सफाई की गई एव पेड़ लगाने हेतु गढ्ढे किये गये। इसके उपरान्त थाना अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपनी मां के नाम सर्मर्पित एक एक पेड़ थाना परिसर में लगाया। व यह संकल्प लिया कि लगाए गए वृक्ष की देख रेख कर इसे नियमित रुप से पानी दे कर उसकी सुरक्षा कर उसे बड़ा करेगे। इस अवसर पर थाना प्रभारी अहमदुर अविनाश भोपले द्वारा सपत्निक प्रिया भोपले के साथ थाना परिसर में पेड़ लगाये व सभी नागरिकों से अपील की एक पेड़ मां के नाम लगा कर उसकी सुरक्षा कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर उप निरीक्षक अविनाश भोपले थाना प्रभारी अहमदपुर, उपनिरक्षक पुष्पेन्द यादव सउनि पर्वत सिह मीणा, सउनि नारायण मीणा, सुरेन्द सिह, प्रआर राजेश, मोहन गोलिया, महिला आरक्षक प्रीति आर राजाबाबु, आर राधेश्याम, अरवेद्र, फरिद, हरिओम आर भगवान सिह, महेन्द्र मीणा, विवेक सिह, सैनिक कुमेर सिह, ज्ञानसिह सैनिक कृणपाल सैनिक धर्मेन्द्र सिह रहे।

### खाचरोद में भी लगाए पौधे



**खाचरोद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पुलिस चौकी खाचरोद पर चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार द्वारा पौधरोपण किया गया। इसी के साथ ही ग्रामीणों से भी एक पौध लगाने और उसकी सुरक्षा कर पेड बनाने की अपील की। कहा कि पर्यावरण को जो नुकसान हम लोगों ने पहुंचाया है, उस नुकसान की भरपाई भी हम सभी को करनी होगी। तभी हमारा पर्यावरण सुंदर और हरा-भरा बनेगा। पौधरोपण के दौरान चौकी स्टाफ और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जावर थाना और चौकी में एक साथ खाकी ने किया पौधरोपण

**जावर।** जावर थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जावर थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पर्यावरण की रक्षा मध्य प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान सम्पुर्ण प्रदेश में शुरू किया गया। शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी थानों व चौकी परिसरों को हरा-भरा बनाने जावर थाना, डोडी चौकी, मेहतवाड़ा चौकी, परिसरों में थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में सभी पुलिस स्टाफ, पत्रकार, स्कूली बच्चों ने नीम,आम, पीपल, जामुन, आंवला, सहित कई प्रजातियों के पौधरोपण किया और साथ ही संकल्प लिया कि हम पौधों की देखभाल भी करेंगे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत में हुई बैठक

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कन्या शाला अहमदपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अहमदपुर ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र पाठक ने बताया शासकीय कन्या शाला परिसर में पौधरोपण में मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले व ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति मेंपौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 51 पेड़ों का नायब तहसीलदार थाना प्रभारी व कन्या शाला के प्राचार्य और उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, थाना प्रभारी अविनाश भोपले, प्राचार्य एम ए अंसारी, सरपंच अहमदपुर आशीष अहिरवार, सचिव धर्मेंद्र पाठक, पीसीओ सीएस बरखेडे व पूर्व सरपंच लखन सिंह गुर्जर, आजाद सिंह, अफजल खान और शासकीय कन्या शाला परिसर में समस्त स्टाफ के कर्मचारी की उपस्थिति में पौधरोपण हुआ ।

### श्यामपुर थाना परिसर में लगाए पौधे

**श्यामपुर।** मध्य प्रदेश शान द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत थाना श्यामपुर जिला सीहोर के अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा थाना श्यामपुर परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में थाना प्रभारी थाना श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, उप निरीक्षक अवनीष मौर्य, उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, उपनिराक सुनीति सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह गोयल सहित थाना श्यामपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जनजागरूकता रैली, किया जागरूक

**आष्टा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल में जनसंख्या वृद्धि को रोकने व परिवार कल्याण के स्थायी व अ स्थायी साधनों बारे में प्रचार करती हुई जनजागृति रैली निकाली। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोठरी शहरी स्वास्थ्य केंद्र आष्टा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज व अन्य स्वास्थ्य संस्थाओ में भी रैली निकाली गयी।




इस अवसर सिविल आष्टा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में नसबन्दी केम्प आयोजित किये गए। नसबन्दी केम्प में इंदौर से आए सर्जन डॉ मोहन सोनी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में 8 एलटीटी व सिविल अस्पताल आष्टा में 37 केस कुल मिलाकर 45 केस सफलता पूर्वक सम्पन्न किए गए। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी जी डी सोनी, मोहन श्रीवास्तव बी ई ई व विवेक दुबे, मनोज मालवीय ओपी परसाई, भोपाल सिंह परमार, डॉ. पीके पवार, डॉ. बुशरा सिद्धिकी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सफाई मित्रों को सौंपे जूते, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने कहा आपका कार्य अतिपारिश्रमिक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नपा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपने कर्मचारियों का भी ध्यान रखती है। इसी के चलते सफाई मित्र जो कचरा ट्राली पर कचरा संग्रहण का कार्य करता था, उसे सफाई के दौरान पैर में चोट लगने की सूचना नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को मिलने पर उन्होंने त्वरित सफाई मित्र का उपचार करवाने के निर्देश स्वच्छता अमले को दिए। कार्यालय पर सफाई मित्रों को बुलाकर उन्हें जूते सौंपे




गए। मेवाड़ा ने उपस्थित सफाई मित्रों से कहा कि सफाई कार्य के दौरान नपा द्वारा दी जाने वाली सामग्री का उपयोग करते हुए कार्य करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सकें आपका कार्य अतिपारिश्रमिक है। मेवाड़ा ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते को निर्देशित कर कहा कि सफाई मित्र जहां-जहां भी कार्यरत है उनके कार्य को देखते हुए सामग्री उपलब्ध कराये जाए। सफाई मित्र अपनी जान जोखिम डालकर कार्य करते है, उनका पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, जमादार मनोज घेंघट, अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट, लखन डूमाने, वाहन चालक गब्बर सहित सफाई मित्रगण मौजूद थे।

# भागवत कथा श्रवण करने आए भक्तों ने किए भगवान के दर्शन, कथा में सुना प्रभु का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान श्री जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहा पधारने पर भगवान जगन्नाथ की मौसी के घर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का तीसरे भक्त अजामिल की कथा जय विजय द्वितीय अद्वितीय एवं मरुद्गणों का जन्म का विस्तार से कथा सुनाई।

तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में तीसरे दिन कथा आदि को लेकर विस्तार से बताया । इस अवसर पर कथा श्रवण करने जीवन सिंह कथा वाचक, हंसकुमार



वर्मा, ज्ञान सिंह गायक कलाकार, दीक्षांत गोस्वामी अलीपुर लंकेश अवंतीपुर बडोदिया,चंचु ताम्रकार मेजर साउंड, सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा, रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण बडी संख्या में उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आनंद धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

## महिला जागृति मंच मेन का मासिक भक्तांबर जी पाठ और चौबीसी संपन्न

**आष्टा।** अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा की मासिक बैठक मंच की प्रियंका सौरभ जैन के नेमि नगर साईं कॉलोनी स्थित निवास पर संपन्न हुई। मासिक भक्तांबर जी पाठ और चौबीसी संपन्न हुई। जिसमें आचार्य पुलक सागर महाराज की आरती कर पौधरोपण भी किया गया। प्रियंका जैन ने अपने निवास पर मंच का मासिक पाठ, भजन भक्ति का रंगारंग समारोह आयोजित कर पौधरोपण भी उत्साह पूर्वक करवाकर नगर को हरा भरा करने का संकल्प



लिया। बैठक में महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल, संरक्षक प्रीति जितेंद्र जैन ने नगर में मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ससंघ के होने वाले चातुर्मास से उपस्थित सभी को अवगत कराया। प्रियंका जैन ने उपस्थित मंच की टीम के साथ पौधरोपण कर हरा-भरा नगर बनाने हेतु सभी से पौधरोपण कर पर्यावरण पर ध्यान देकर रोप गए पौधों की देखभाल कर वृक्ष का रूप देने का आव्हान किया।

## अब डायलिसिस इकाई में भर्ती मरीजों को नहीं होगी बोरियत

# विधायक ने अपने वेतन से इकाई में लगवाई स्मार्ट टीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जब से विधायक बने है तभी से उन्होंने आष्टा के सिविल अस्पताल में कैसे ज्यादा से ज्यादा,अच्छी से अच्छी सुविधाए मरीजों को उपलब्ध कराने के पूरे प्रयासों में जुटे है। पहले से सुविधाओ में लगातार वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। अब आष्टा के सिविल अस्पताल में बच्चों का 30 बेड का आईसीयू की सुविधा शुरू है,यही अब मरीजों की डायलिसिस भी शुरू हो गया है। आने वाले समय मे ओर कई सुविधाओ के मिलने के प्रयास जारी है। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को जब पूर्व में निरीक्षण के दोरान डायलिसिस इकाई में भर्ती किसी मरीज ने कहा था यहा एक टीवी होना चाहिये उसी बात को और मांग पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मप्र सरकार से विधायक के रूप में प्रतिमाह मिलने वाले वेतन की राशि मे से उक्त स्मार्ट टीवी खरीद कर अपनी ओर से आष्टा सिविल अस्पताल की डायलिसिस इकाई में लगवाई ओर गुरूवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसडीएम स्वाति उपाध्याय, बीएमओ डॉ जीडी सोनी,जिला भाजपा के मीडिया



प्रभारी सुशील संचेती,डॉ गम्भीर पटेल,चित्रा सोनी,एके जैन, नरेंद्र गंगवाल, दिनेश शर्मा आदि की उपस्तिथि में रिमोर्ट का बटन पुश कर लगवाई गई उक्त स्मार्ट टीवी चालू की। भर्ती मरीजों ने इसके प्रति विधायक आष्टा का आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने मानस भवन की छत का भूमि पूजन कर शुरू कराया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर के विकास को ध्यान में रखते हुए नगर में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए आमजन एवं नगरवासियों को परेशानी न हो इसके लिए आष्टा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा नगर के बीचों-बीच स्थित वार्ड 8 के मानस भवन की नवीन छत निर्माण हेतु 5 लाख की राशि तथा नगर के वार्ड 02 में पवन चौक में टीनशेड निर्माण हेतु भी 5 लाख की विधायक निधि से घोषणा कर मानस भवन की नवीन छत निर्माण का भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कार्यक्रम की अध्यक्षता नगीना राधेश्याम दलपति मानस भवन समिति के अध्यक्ष सुन्दरलाल पटेल, न.प. उपाध्यक्ष प्रीतियुवराजसिंह, पूर्व न.प. अध्यक्ष रूपेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव पार्षदगणों में ललता विजय सिंह, सीमा मुकेश भेण्डी, ऋचा संजय पटेल, सीमा जितेन्द्र आजाद, देवकरण बकोरिया, राजपाल खेरी, सीमा जगदीश मेंचन, वबीता धरमसिंह, भाग्यश्री रितेश पटेल, रितु शिशुपाल, मदनलाल वर्मा, मनीषा दिनेश चौधरी पूर्व पार्षद सुनील केलिया, रमेश मालवीय राधेश्याम राणा नागरिकगण देवकरण दुबे, भोपालसिंह मण्डलोई, अर्जुन पटेल, शादीलाल दलपति, अनूप सेठ, मनोज वर्मा, अरविन्द्र वर्मा, आदि की उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया तथा क्षेत्रीय विधायक का अभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

### फिटनेस में फेल कई स्कूली वाहन, आठ वाहन किए जब्त

# बगैर फिटनेस चल रहे वाहनों की आरटीओ सहित यातायात विभाग ने की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

जिले में बिना परमिट के स्कूल वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें ठूंस-ठूंस कर बच्चों को बैठाया जाता है। गत दिवस एक वेन हादसे का शिकार हो गई थी, ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों के वाहन बगैर फिटनेस सहित परमिट के चल रहे वाहनों की जांच को लेकर आरटीओ सहित यातायात विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को जिले के अकोदिया में संयुक्त टीम कार्यवाही करने निजी स्कूलों में पहुंची। जहां पर स्कूल प्रबंधन के समक्ष ही वाहनों की जांच शुरु की गई। वहीं विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के 30 से अधिक वाहनों को चेक किया। चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस बिना परमिट वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की गई। 7 वाहनों को अलग-अलग स्कूलों से जब्त किया और 15 हजार का शुल्क वसूला। अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर, सेफ्टी विंडो रेलिंग, आपात निकासी द्वार को चेक किया गया। यातायात पुलिस



द्वारा स्कूली बसों एवं वाहनों के कागजात को चेक किया गया, साथ ही बसों के चालकों-परिचालकों का चरित्र सत्यापन एवं ब्रेथ एनालाइजर द्वारा परीक्षण किया गया।

वैन चालक, मालिक घरेलू गैस सिलेंडर से वैन का सिलेंडर असुरक्षित तरीके से रिफिल करते हैं। स्कूलों में कई प्राइवेट वाहन अटैच हैं, जिनका कोई रिकार्डनहीं है। वे केवल स्कूल के समय ही सड़क पर दिखते हैं। इसके बाद वह घरों पर खड़े कर दिए जाते हैं। कुछ गांव से शहर तक आते हैं। इन वाहनों में स्पीड गवर्नर, फस्र्ट एड बाक्स, जीपीएस सहित अन्य सुविधाएं नहीं हैं। हर साल वैन का फिटनेस होना चाहिए, लेकिन वाहन संचालक फिटनेस प्रमाण पत्र लिए बगैर वाहन चला रहे हैं। क्षेत्र के गांवों में खुले स्कूलों में लगी अधिकतर वैन पुरानी और कंडम हैं। इससे भी खतरनाक यह है कि कुछ वैन गैस किट से चल रही हैं। एक वैन में 10 से 15 बच्चों को बैठाया जाता है। कुछ बच्चों को तो गैस किट के ऊपर भी बैठाया जाता है। इसी तरह आटो में आगे-पीछे 15 से 18 बच्चे बैठाए जाते हैं। एक से ज्यादा स्कूलों में लगी वैन समय बचाने के चक्कर में ज्यादा तेजी से चलती हैं। अगर जांच की जाए तो अधिकतर के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

सड़क हादसा होने के बाद एक घंटे के अंदर मरीज को सही इलाज मिल जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद सबसे अधिक हो जाती है। इसीलिए हादसे के बाद के पहले एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। सड़क हादसों में घायलों की तत्काल मदद के उद्देश्य से आमजन को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने गुड सेमेरिटन योजना शुरू की है। सड़क दुर्घटना से जान बचाने हेतु आम नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में निरंतर चेकिंग अभियान एवं एक से 15 जुलाई तक 'बनिये किसी की जिन्दगी का गुड सेमिरिटन' एवं हिट एण्ड रन प्रतिकर योजना चलाई जा रही है। थाना प्रभारी सौरभ शुक्ला यातायात शाजापुर द्वारा अपनी टीम के साथ अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपये एवं मृत्यु हो जाने पर दो लाख रूपये प्रतिकर राशि दिये जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर जानकारी भी दे रहे हैं, जिसमे कोई भी नेक व्यक्ति सड़क दुर्घटना के गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति के जान बचा सकता है, जिसे शासन द्वारा प्रोत्साहन हेतु पांच हजार रूपये राशि प्रदान की जाएगी।

**इनका कहना है...**

स्कूली बच्चों के वाहन के साथ ही बगैर फिटनेस के वाहनों को कार्रवाई के तहत चेक किया गया। आठ वाहनों को जब्त किया गया और 15 हजार का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**राकेश भूरिया, आरटीओ शाजापुर**

# एक तरफ पौधरोपण तो दूसरी तरफ अवैध कटाई

### हरे वृक्षों की कटाई जारी, आरा मशीनों पर गीली लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में विभिन्न शासकीय मादों से लाखों करोड़ो रुपए वृक्षा रोपण के नाम पर खर्च करता है और वृक्षों की देखभाल के लिए शासकीय अमला भी नियुक्त है। इसके बाद भी प्रतिवर्ष तेज गति से बड़े बड़े हरे वृक्षों की बलि चढ़ रही है। मध्य प्रदेश का मालवा क्षेत्र कभी मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता था उसमे मुख्य रूप से राजगढ़ जिले का नाम सम्मलित था। किंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हरे वृक्षों की अवैध कटाई लगातार जारी रही है। अब राजगढ़ जिला मिनी कश्मीर की जगह मिनी रेगिस्तान का रूप ले रहा है। जिले को रेगिस्तान बनने से बचाने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से लेकर अनेक मादो से वृक्षारोपण का महाअभियान सतत रूप से चलाया गया। गत पांच वर्षो में वृक्षारोपण के



नाम पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च हुई जिले के सारंगपुर क्षेत्र में भी पंचायत के माध्यम से लाखो रुपए वृक्षारोपण के नाम पर निकाले गए लेकिन धरातल पर एक भी पेड़ जिंदा नही है और जो पुराने जिंदा पेड़ थे उनकी अवैध कटाई खुलेआम होती रही। जिले में विगत पांच वर्षो में कई आरा मशीनों के लाइसेंस जारी कर दिए गए। सारंगपुर सहित जिले भर की किसी भी आरामशीन पर गीली लकड़ी देखी जा सकती हैं। किंतु विभाग मुख दर्शक बना हुआ हैं शासन द्वारा हरे वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी किस की मिली भगत से पेड़ो की कटाई हो रही हैं। क्या विभाग इस और ध्यान देगा।

**इनका कहना है**

जंगल में कहीं अवैध कटाई नहीं हो रही हैं। 120 आरा मशीन हैं कितने का नवीनीकरण हुआ है। ऑफिस से देखकर बताऊंगा।

**राजीव दुबे,**
एसडीओ वन विभाग राजगढ़

# फर्जी कम्प्यूटर सेंटर संचालकों पर कार्रवाई की रखी मांग, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

### छात्रों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर सहित आसपास के कस्बों में कुछ ऐसे कम्प्यूटर सेंटर हैं जहां डीसीए, पीजीडीसीए के डिप्लोमे, डिग्री करवाने का प्रचार किया जा रहा है। जबकि, इन कम्प्यूटर सेंटर संचालकों के पास वैध यूनिवर्सिटी से मान्यता नहीं है। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आगे आते हुए बुधवार दोपहर संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी को एक शिकायती आवेदन सौंपते हुए ऐसे कम्प्यूटर सेंटरों पर कार्रवाई की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि राजगढ़ में फर्जी तरीके से कुछ ऐसे कम्प्यूटर सेंटरों का संचालन हो रहा है जिनके पास किसी विष्वविद्यालय से मान्यता नहीं है। इसके बाद भी सेंटर संचालक माखनलाल यूनिवर्सिटी, महर्षि महेश योगी विष्व विद्यालय आदि से मान्यता होने संबंधी प्रचार कर रहे हैं। इनके झांसे में आकर अनेकों विद्यार्थी यहां प्रवेश ले रहे हैं। इन सेंटरों पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद ने इस पर अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए मांग की है कि इन सभी फर्जी संस्थाओं की जांच कर उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नायब तहसीलदार के नेतृत्व में दल बनाकर छापे डाले जाने चाहिए।

### हर शासकीय कार्यालय में रहता है प्रावधान

# जिला पंचायत में ही नहीं है दिव्यांगों हेतु रैंप सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

किसी भी शासकीय कार्यालय में दिव्यांगजनों के आने-जाने की सहुलियत के लिए रैंप का निर्माण करवाया जाता है। मुख्यालय के लगभग सभी शासकीय महकमों में रैंप के निर्माण करवाए गए हैं लेकिन ग्रामीण विकास विभाग के अधीन वाले जिला पंचायत जैसे बड़े दफ्तर में ही रैंप नहीं है। जिला पंचायत का भवन दो मंजिला है। ऐसे में दूसरी मंजिले स्थित शाखाओं में जाने के इच्छुक दिव्यांगजन खासी परेशानी के बाद सीढ़ियां चढ़कर पहुंच पाते हैं। दरअसल, भवन निर्माण के समय ही इस बात का ध्यान नहीं रखा गया। दिव्यांग संघ जिलाध्यक्ष राजेश विष्वकर्मा सहित अन्य ने मांग की है कि जिपं के अधिकारियों को हमारी सहुलियत हेतु रैंप का निर्माण करवाना चाहिए।

## लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**ब्यावरा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के निर्देशानुसार 14 सितम्बर, 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव म. आपटे, प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में गुरुवार को बीमा कंपनी अधिवक्तागण के साथ न्यायालय राजगढ़ के एडीआर भवन में प्रीसिटिंग मीटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग विशेष न्यायाधीश निवेदिता मुदगल की अध्यक्षता में एवं सचिव योगीराज पाण्डेय के साथ वरिष्ठ बीमा कंपनी अधिवक्ता एच.बी. व्यास, साजिद, खुर्शीद खान, सचिन कुमार दुबे, पंकज शर्मा, जे.पी. शर्मा, आलोक श्रीवास्तव एवं अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए। उक्त मीटिंग में क्लेम संबंधी प्रकरणों को लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रैफर किये जाकर सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण करने पर बल देते हुए अदालत को सफल बनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

### सचेत रहे मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार

# 'चोरी के मोबाइल लॉक खोलने वालों पर होगी एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीते दिनों क्षेत्र के अनेकों लोगों के मोबाइल अज्ञात बदमाशों द्वारा विभिन्न स्थानों, घरों, दुकानों से चुराए गए हैं। सभी मामलों की पड़ताल पुलिस कर रही है वहीं कुछ मोबाइल जब्त भी कर लिए गए हैं। मोबाइल चुराने के बाद चोरों द्वारा मोबाइल सुधारने वाले दुकानदारों, कम्प्यूटर सेंटर संचालकों से इन मोबाइल के लॉक खुलवाए जाते हैं। राजगढ़ पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा ने लॉक खोलने, तोड़ने वालों को आगाह किया है कि जो व्यक्ति, दुकानदार चोरी के मोबाइलों के लॉक खोलेगा उस पर भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिस तरह चोरी का माल चुराने वाला गुनाहगार होता है वैसे ही चोरी



करने वालों का किसी भी तरह से साथ देने वाले भी दोषियों की श्रैणी में रखे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले कुछ दुकानदार आसानी से किसी भी मोबाइल का फिंगर लॉक व अन्य लॉक खोल लिया करते हैं। वे यह नहीं देखते कि संबंधित मोबाइल को जो लाया है वो आम व्यक्ति है या फिर कोई चोर, बदमाश लॉक खुलवा रहा है।

## 15 मौतों के जिम्मेदार बस चालक को 15 साल की जेल

### 2016 में हिरनखेड़ी के नजदीक हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर साल 2016 में हुए एक हृदय विदारक सड़क हादसे में बस की टक्कर से ऑटो में सवार 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। राजगढ़-ब्यावरा के बीच हुई इस हृदय विदारक के अधिकांश हताहतों में स्कूली बच्चे शामिल थे। इस मामले में अब न्यायालय ने बस के चालक को हादसे का दोषी मानते हुए प्रत्येक मृत्यु पर एक-एक साल इस तरह 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है की 13 दिसंबर 2016 को राजगढ़ तरफ से जा रहे ऑटो में सामने से आ रही बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस में टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में कन्याशाला की छात्राओं समेत 15 लोगों की मौत हुई थी वही बहुत से लोग घायल हुए थे। इसी मामले में अब न्यायालय ने बस के ड्राइवर जगदीश पिता रामसिंह तंवर निवासी टांडीकला को आरोपी सिद्ध किया है। आरोपी जगदीश को 15 साल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी एडवोकेट विजयसिंह सिसोदिया ने की।

# बिजली चोरी करने वालों पर की कार्रवाई, बनाए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

खबर का असर


करंट के फैले वायरों से दो मासूम झुलसे
मौत का जाल, सारंगपुर के मुकेरवाड़ी में खुलेआम हो रही बिजली की चोरी

विगत दिनों शहर के मुकेरवाडी में अवैध रूप से विद्युतचोरी करने वालों ने बिजली के तार बिछा रखे थे। बिजली के तार से करंट लगने से दो मासूम झुलस गए थे जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से लगाई थी खबर के बाद विभाग ने मुकेरवाड़ी सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों में बिजली चोरी करने वालों पर कार्यवाही की। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सारंगपुर के सहायक यंत्री द्वारा बतया गया की बुधवार को उप महा प्रबंधक ब्यावरा प्रहलाद क्षेत्र के मार्गदर्शन में छोटा कसाईवाडा,सीधा खाल,पठान वाड़ी, खारिया, सीतल माता कालोनी आदि मोहल्ले में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें सारंगपुर वितरण केंद्र के सहायक यंत्री कनिष्क यंत्री सहित ब्यावरा संभाग के समस्त कनिष्ठ यंत्री, सहायक यंत्री द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 व 135 के तहत विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए तथा केवल व मीटर जप्त किए गए,। उक्त विधुत चोरी में प्राथमिक दर्ज कराने हेतु सम्बनधित पुलिस थाने को पत्र लिखा गया है।कुल 51 प्रकरण में 12.30 लाख की विद्युत चोरी क्षति पूर्ति राशि का आकलन किया तथा अंतिम निर्धारण आदेश अपराध में लिप्त व्यक्तियों को दे दिए गए है, जिसमे 6 उपभोक्ता द्वारा लगभग 55हजार रुपये जमा करवाये गए हैं। आने वाले दिनों में और चेकिंग की जावेगी, जिसमे मीटर से छेड़छाड़ व सीधे चोरी करने वालो पर कार्रवाई होगी।

## प्रदुम्न्य सोनी भारत सरकार की न्यूक्लियर इकाई में चयनित



राजगढ़। राजगढ़ समीपस्थ ग्राम चाटूखेड़ा निवासी प्रदुम्न्य सोनी का चयन न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया में हुआ है जो भारत सरकार के स्वामित्व की ईकाई है। यहां परमाणु ऊर्जा से संबंधित बड़े कार्य होते हैं। उक्त पद के लिए पूरे देष से करीब 10 हजार बच्चे सम्मिलित हुए थे। प्रदुम्न्य को देश में चौथी रैंक मिली है। इस उपलब्धि पर इष्टमित्रों, परिजनों, ग्रामीणजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# 4 लाख की प्याज सहित ट्रक ले उड़ा ड्राइवर

### व्यापारी ने बोड़ा थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

बूधवार को बाबा रामदेव ट्रेडर्स महेश राजपूत निवासी बोड़ा ने बोड़ा थाने आवेदन दिया है, जिसमें उल्लेख किया है कि शुजालपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी हाजी फरीद, सद्दाब भाई के माध्यम से 4 जूलाई को एक प्याज की गाड़ी जो की मुबारिक खान और गाड़ी ड्राइवर रोपसिंह भरतपुर है।

जिसको बोड़ा से गाड़ी में 12 टन से अधिक 221 नग प्याज से भरे कट्टे अनुमानित कीमत 3 लाख 60 हजार हे जिसे दिल्ली आजादपुर मंडी के लिए भेजी थीं। लेकिन आजतक माल सहित ट्रक आजादपुर मंडी नही पहुंची। मेने कई बार शुजालपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक से बात की पर संतोष जनक जवाब नही दिया और जूठा




आश्वाशन देकर गुमराह किया जा रहा है। और गाड़ी लेके जाने वाला ड्राइवर रोपसिंह भरतपुर का मोबाईल भी बंद आ रहा है। इस मामले को लेकर उप मंडी बोड़ा लाइसेंस धारी फर्म बाबा रामदेव ट्रेडर्स बोड़ा के महेश राजपूत ने बोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**कार्रवाई करेंगे**

आवदेन प्राप्त हुआ है। जैसे तथ्य मिलेंगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

**निलेश अवस्थी, थाना प्रभारी बोड़ा**

# प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में कार्यशाला कक्ष का उद्घाटन व पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में बुधवार को एस.यू.पी.डब्लू.( सोशली यूजफुल प्रोडक्टिव वर्क) सामाजिक उपयोगिता उत्पादक कार्य कार्यशाला कक्ष का उद्घाटन हुआ एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से एच.डी.एफ.सी. बैंक नरसिंहगढ़ के प्रबंधक जितेंद्र शर्मा, विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष नवरंग धाकड़, विद्यालय निर्देशक हरीश मुलानी, ओम धाकड़ उपस्थित थे। विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा ही विद्यालय का मुख्य सूत्र है एवं किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान व प्रशिक्षण से ही सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय समिति कोषाध्यक्ष एवं निर्देशक हरीश मुलानी ने सभी विद्यार्थियों को पौधारोपण करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि राष्ट्रीय नवीन शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में सभी नवाचार लागू किया जा रहे हैं। एच.डी.एफ.सी. बैंक मैनेजर जितेंद्र शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य नीरज शर्मा ने बताया कि विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ ही बच्चों को स्पोकन इंग्लिश, केलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, योग, जूडो कराटे प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही एस. यू. पी. डब्लू. के अंतर्गत खेल, कला, साहित्य, वर्क एजुकेशन, दैनिक कार्य आदि समेत साठ से ज्यादा गतिविधियों का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाएगा। विद्यालय में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं ए.एस.एल. का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस अवसर पर उपप्राचार्य शिवानी गुप्ता, को - ऑर्डिनेटर नेहा पाल, रेखा नागर , जितेंद्र सोलंकी, सोनाली मेहरा , कु प्रिया गहलोत समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश...

# शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण और परिणाम मूलक शैक्षणिक गतिविधियां संचालित हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

जिले के सभी प्राचार्य अपनी-अपनी संस्थाओं में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और परिणाम मूलक शिक्षा देना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिले के शासकीय उ.मा.वि. प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्यों की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संकुल प्राचार्य अपने संकुल अंतर्गत शिक्षकों की कमी की पूर्ति जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम




से शैक्षणिक व्यवस्था तत्काल कराएं तथा गुणवत्तापूर्ण, शैक्षणिक कार्य करें, परीक्षा परिणाम में वृद्धि होना आवश्यक है। शाला में नियत समय पर शिक्षक अपना शैक्षणिक कार्य कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को देना सुनिश्चित करें। बैठक में नामाकंन में वृद्धि,



आईसीटी लेब, वाचनालय का संचालन, सेवा पुस्तिकाओं का संधारण तथा सीसीएलई गतिविधियां शासन के निर्देशानुसार संचालन करने की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दुबे ने दी। साथ ही शिक्षक डायरी की अनिवार्यतः पौधारोपण वायुदुत एप के माध्यम से करने, इसंपायर अवार्ड, पर्यटन क्विज एवं संकुल प्राचार्यों को विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में प्रारंभ की गई नर्सरी का अवलोकन किया तथा परिसर में ही आम्रपाली का पौधा रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी शिक्षा हेमंत दुबे, एडीपीसी ओपी कारपेंटर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त प्राचार्य उपस्थित थे।